tricontinental

INTERNATIONAL PEOPLES' ASSEMBLY

# जूलियन असांजे को रिहा करो



## रेड अलर्ट | नं 13

## जूलियन असांजे और क्या है विकीलीक्स?

जूलियन असांजे एक ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार और प्रकाशक हैं जिन्होंने 2006 में विकीलीक्स की सह-स्थापना की थी। विकीलीक्स एक ऐसी वेबसाइट है जिसे सरकारों और निगमों के अधिकारियों द्वारा गुमनाम रूप से लीक किए गए दस्तावेज़ों को प्रकाशित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। यह परियोजना डेनियल एल्सबर्ग द्वारा 1971 में जारी किए गए पेंटागन पेपर्स से प्रेरित थी, जो कि अमेरिकी सरकार का एक आंतरिक/गुप्त दस्तावेज़ था; जिसमें वियतनाम के ख़िलाफ़ युद्ध में अमेरिका की धूर्तता का विवरण दिया था। 2006 और 2009 के बीच, विकीलीक्स ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज़ प्रकाशित किए, जिनमें फ़ासीवादी ब्रिटिश नेशनल पार्टी (2008) की सदस्यता सूची, पेरू के पेट्रोगेट तेल घोटाले (2009) और यूएस-इज़रायल के ईरानी परमाणु ऊर्जा सुविधाओं पर साइबर हमले की एक रिपोर्ट (2009) जैसे ख़ुलासे शामिल थे। 2013 में, इंटरनेशनल फ़ेडरेशन ऑफ़ जर्नलिस्ट्स ने विकीलीक्स को जनता के जानने के अधिकार पर आधारित मीडिया संगठन की नयी नस्ल कहा था।

2010 में, इराक़ में रहते हुए, अमेरिकी सेना के ख़ुफ़िया विश्लेषक चेल्सी मैनिंग ने अमेरिकी सरकार के सर्वर से वीडियो सहित कई हज़ार दस्तावेज़ डाउनलोड किए। उन्होंने उन्हें विकिलीक्स के पास एक नोट के साथ भेजा, जिसमें लिखा था कि, ये संभवत: हमारे समय के सबसे अधिक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों में से एक है जो युद्ध के कोहरे को हटाकर 21 वीं सदी के

विषम युद्ध की वास्तविक प्रकृति का ख़ुलासा करता है। नवंबर 2010 में, विकीलीक्स ने मैनिंग के दस्तावेज़ों से आए राजनयिक केबल्स ( केबलगेट) को प्रकाशित करने के लिए प्रमुख समाचार पत्रों (जैसे डेर स्पीगल, एल पेस, द गार्जियन, ले मोंडे, द न्यूयॉर्क टाइम्स) के साथ पाट्र्नरशिप की। विकीलीक्स ने इराक़ वॉर लॉग्स और अफ़ग़ान वॉर डायरीज़ भी प्रकाशित की, जिसमें ऐसी सामग्री थी जो बताती थी कि अमेरिकी सेना ने दोनों देशों में युद्ध अपराध किए थे। इन दस्तावेज़ों में 2007 का एक गोपनीय वीडियो था जिसमें अमेरिकी सेना समाचार संगठन रॉयटर्स के कर्मचारियों सहित आम नागरिकों को मार रही थी। विकीलीक्स द्वारा collateral murder के नाम से जारी किए गए इस वीडियो का अमेरिकी युद्ध की प्रकृति के बारे में जनमत पर व्यापक प्रभाव पड़ा था।

नवंबर 2010 में, अमेरिकी अटॉर्नी जनरल एरिक होल्डर ने कहा कि उनके कार्यालय ने विकीलीक्स के ख़िलाफ़ एक सक्रिय, अनवरत आपराधिक जाँच शुरू की है।

## जूलियन असांजे बेलमर्श जेल (लंदन, यूके) में क्यों हैं?

दिसंबर 2010 की शुरुआत से, वरिष्ठ अमेरिकी राजनेताओं ने अमेरिकी सरकार से असांजे पर जासूसी अधिनियम (1917) के तहत मुक़दमा चलाने का आह्वान करना शुरू कर दिया। स्वीडन में लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों ने असांजे को क़ानूनी जाल में फँसा दिया। आरोपों का सामना करने के लिए स्वीडन लौटने के इच्छुक होने पर भी, वो एक वादा करवाना चाहते थे कि स्वीडन उन्हें अमेरिका में प्रत्यर्पित नहीं करेगा, जहाँ उन्हें जासूसी के आरोपों में आजीवन कारावास की सज़ा मिल सकती थी। स्वीडन ने अमेरिका के साथ अपने निकट संपर्क के कारण यह वचन देने से इनकार कर दिया। 2012 में, असांजे को लंदन में इक्वाडोर के दूतावास में शरण मिली। अप्रैल 2019 में, इक्वाडोर की सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ हुए एक सौदे के बदले में असांजे को ब्रिटिश अधिकारियों को सौंप दिया। असांजे को बेलमर्श जेल ले जाया गया। जहाँ वे स्वीडन में प्रत्यर्पित होने के लिए नहीं -क्योंकि वो अपनी जाँच बंद कर चुका है- बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रत्यर्पित होने के लिए सुनवाई का इंतज़ार कर रहे हैं।

अमेरिकी सरकार ने असांजे को वर्गीकृत दस्तावेज़ प्राप्त करने और उन्हें प्रकाशित करने से संबंधित 18 आरोपों में दोषी ठहराया है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें 175 साल तक की जेल की सज़ा हो सकती है। हालाँकि, इनमें से 17 आरोप असांजे के ब्रिटिश हिरासत में आने के बाद ही लगाए गए थे। प्रारंभ में, असांजे पर केवल एक ही आरोप लगा था, कि उन्होंने मैनिंग के साथ मिलकर एक पासवर्ड क्रैक किया और पेंटागन के कंप्यूटर सिस्टम को हैक करने की साज़िश रची थी। इस आरोप के लिए उन्हें केवल 5 साल तक की क़ैद की सज़ा मिल सकती थी। समस्या ये है कि, ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिकी सरकार के पास इस बात का कोई सबूत नहीं है कि अमेरिकी सर्वरों में सेंध लगाने का काम असांजे ने मैनिंग के साथ मिल कर किया था; मैनिंग का कहना है कि दस्तावेज़ प्राप्त करने और विकिलीक्स तक उन्हें पहुँचने का काम उन्होंने अकेले किया था।

तो, अमेरिकी सरकार असांजे को अमेरिका में लाने की कोशिश कर रही है ताकि जासूसी अधिनियम के तहत वर्गीकृत जानकारी को प्राप्त करने और फिर उसे प्रकाशित करने के लिए उन पर मुक़दमा चलाया जा सके; यानी एक खोजी पत्रकार की तरह काम करने के लिए उन पर मुक़दमा चलाया जा सके। इसलिए, हमें समझना चाहिए कि असांजे पर मुक़दमा पत्रकारिता के लिए चलाया जा रहा है।

## जूलियन असांजे को कारागार से मुक्त कराने के लिए आप क्या कर सकते हैं?

लामबंद हों: 25 फ़रवरी 2022 को सड़कों पर उतरें। यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका के दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के बाहर विरोध प्रदर्शन करें। माँग करें कि ये सरकारें अंतर्राष्ट्रीय क़ानून और जूलियन असांजे के मौलिक अधिकारों का सम्मान करें।

पत्र भेजें: इंटरनेशनल पीपुल्स असेंबली द्वारा तैयार किए गए इस पत्र पर हस्ताक्षर करें और इसे अपने स्थानीय ब्रिटिश दूतावास या वाणिज्य दूतावास को भेजें और उन्हें उनकी क़ानूनी ज़िम्मेदारियों का सम्मान करने के लिए कहें।

भाग लें। असांजे के मामले और आज के साम्राज्यवाद-विरोधी संघर्ष में उनके योगदान के बारे में अधिक जानने के लिए सोशल मीडिया पर इंटरनेशनल पीपुल्स असेंबली को फ़ॉलो करें। हमारी रिपोर्टों व अन्य दस्तावेज़ों को अपने समुदायों और आंदोलनों के साथ साझा करें। हमारी जनता के बीच इस बात को ले जाने में मदद करें कि #FreeAssangeNOW मुहिम क्यों ज़रूरी है। जूलियन असांजे को मुक्त कराने के लिए बेलमर्श ट्रिब्यूनल में भाग लेने के लिए ऑनलाइन रेजिस्टर करें।






tricontinental
Tricontinental: Institute for Social Research

INTERNATIONAL PEOPLES' ASSEMBLY

@thetricontinental
thetricontinental.org

@peoples.assembly
www.ipa-aip.org